Hindi

M. A. in Hindi

**13P/237/4**

Question Booklet No. ....................................

(To be filled up by the candidate by ***blue/black ball-point pen***)

Roll No. | | | | | | | | | |

Roll No.
(Write the digits in words) ..........................................................................................

Serial No. of Answer Sheet ....................................

Day and Date ............................ ........................................................ (Signature of Invigilator)

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the Answer Sheet)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall *except the Admit Card without its envelope.*
3. A separate Answer Sheet is given. *It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.*
4. Write your *Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen* in the space provided above.
5. *On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top, and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.*
6. No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet No. and Set No. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet No. on the Question Booklet.
7. Any changes in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.
8. Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. *For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.*
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed.* If you *do not wish to attempt* a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit *only the OMR Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

[ उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण-पृष्ठ पर दिये गये हैं। ]

Total No. of Printed Pages : 24

**13P/237/4**

**No. of Questions/प्रश्नों की संख्या : 150**

*Time : 2 Hours ]* *[ Full Marks : 450*

*समय : 2 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 450*

*Note* : Attempt as many questions as you can. Each question carries 3 *(Three)* marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer. Zero*** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न 3 *(तीन)* अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

**01.** पूर्वी हिन्दी का विकास निम्नलिखित में से किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(1) मागधी अपभ्रंश (2) अर्धमागधी (3) शौरसेनी (4) महाराष्ट्री

**02.** डॉ० उदयनारायण तिवारी ने अपनी पुस्तक 'हिन्दी भाषा का उद्‌गम और विकास' में अपभ्रंश का जन्मकाल माना है :

(1) 700 ई० (2) 800 ई० (3) 900 ई० (4) 1000 ई०

**03.** विशेषण के रूप परिवर्तन पर किसका असर पड़ता है ?

(1) पुरुष (2) लिङ्ग (3) काल (4) कारक

**04.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी भाषा के विकास सम्बन्धी निर्देश दिए गये हैं ?

(1) 251 (2) 243 (3) 343 (4) 351

**05.** राजभाषा अधिनियम, 1976 के अनुसार कौन-सा राज्य 'क' सूची में ***नहीं*** है ?

(1) हरियाणा (2) राजस्थान (3) पंजाब (4) हिमांचल

**06.** परवर्ती अपभ्रंश को 'पुरानी हिन्दी' नाम किसने दिया ?

(1) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी (2) राहुल सांकृत्यायन

(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (4) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**07.** 'लरिकवा जात रहा' - वाक्य किस बोली का है ?

(1) भोजपुरी (2) अवधी (3) ब्रज (4) मैथिली

**08.** काव्यभाषा के रूप में अवधी भाषा के आरम्भिक रूप का पहला महत्त्वपूर्ण साक्ष्य निम्नांकित किस कृति में मिलता है ?

(1) मधुमालती (2) पद्मावत (3) चान्दायन (4) चित्रावली

**09.** 'चलती हुई ब्रजभाषा में सबसे पहली साहित्यिक कृति इन्हीं की मिलती है जो पूर्णता के कारण आश्चर्य में डाल देती है' - आचार्य शुक्ल की यह उक्ति किस कवि की काव्य भाषा के लिए है ?

(1) सूरदास (2) नंददास (3) बिहारी (4) पद्माकर

**10.** निम्नलिखित रचनाओं में एक रचना ब्रजभाषा में ***नहीं*** है :

(1) विनय पत्रिका (2) कवितावली

(3) कृष्ण गीतावली (4) बरवै रामायण

**11.** निम्नलिखित बोलियों में एक बिहारी हिन्दी समूह की बोली ***नहीं*** है :

(1) मैथिली (2) मगही (3) बघेली (4) भोजपुरी

**12.** पैशाची प्राकृत का क्षेत्र कहाँ था ?

(1) मगध के आस-पास (2) कश्मीर के आस-पास

(3) महाराष्ट्र के आस-पास (4) मथुरा या शूरसेन के आस-पास

**13.** निम्न में एक आधुनिक अवधी के कवि ***नहीं*** हैं :

(1) द्वारिकाप्रसाद मिश्र (2) गुरुप्रसाद सिंह 'मृगेश'

(3) वंशीधर शुक्ल (4) कवि नसीर

**14.** देवनागरी का विकास किस लिपि से हुआ है ?

(1) ब्राह्मी (2) खरोष्ठी (3) पंजाबी (4) गुरुमुखी

**15.** 'अक्षरों के वर्ग के पंचम वर्ण के स्थान पर केवल अनुस्वार का प्रयोग किया जाय' – देवनागरी लिपि के सुधार हेतु यह सुझाव किसका था ?

(1) आचार्य नरेन्द्र देव (2) श्यामसुन्दर दास

(3) डॉ॰ राधाकृष्णन् (4) श्रीनिवास जी

**16.** निम्न वर्णों में एक स्वर ***नहीं*** है :

(1) उ (2) ऋ (3) ए (4) श्र

**17.** निम्न ध्वनियों में एक तालव्य है :

(1) ख (2) घ (3) छ (4) ध

**18.** निम्न में एक ध्वनि दन्त्य ***नहीं*** है :

(1) च (2) त (3) थ (4) ध

**19.** निम्नलिखित में कौन-सी भाषा प्राचीनतम है ?

(1) प्राकृत (2) पालि (3) वैदिक संस्कृत (4) संस्कृत

**20.** मराठी भाषा की लिपि क्या है ?

(1) गुजराती (2) देवनागरी (3) गुरुमुखी (4) फारसी

**21.** 'हिन्दी भाषा' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(1) भोलानाथ तिवारी (2) हरदेव बाहरी

(3) देवेन्द्र कुमार शर्मा (4) सुनीति कुमार चटर्जी

**22.** निम्नलिखित में कौन ध्वनि निर्बल है ?

(1) ख (2) फ (3) य (4) ठ

23. किस शब्द में वर्णविपर्यय है ?

(1) रत्न (2) ब्रम्ह (3) यत्न (4) कम

24. कौन भाषा चित्र लिपि में लिखी जाती है ?

(1) अरबी (2) संस्कृत (3) अंग्रेजी (4) चीनी

25. किस शब्द में स्वरागम (स्वर भक्ति) है ?

(1) परम (2) करम (3) चरण (4) अमर

26. किस पुराण में काव्यशास्त्रीय विवेचन प्राप्त होता है ?

(1) भागवतपुराण (2) कूर्मपुराण (3) अग्निपुराण (4) मत्स्यपुराण

27. निम्न में रसवादी आचार्य कौन है ?

(1) चिन्तामणि (2) केशवदास (3) भूषण (4) पद्माकर

28. केशवदास किस काव्य सम्प्रदाय से सम्बद्ध हैं ?

(1) रीति (2) वक्रोक्ति (3) ध्वनि (4) अलंकार

29. आचार्य शुक्ल ने वक्रोक्ति सिद्धान्त की तुलना किससे की है ?

(1) मनोविश्लेषणवाद (2) अभिव्यंजनावाद (3) स्वच्छन्दतावाद (4) साम्यवाद

30. 'रससूत्र' के व्याख्याकारों में कौन ***नहीं*** है ?

(1) भट्टनायक (2) लोल्लट (3) शंकुक (4) रुद्रट

31. 'रसगंगाधर' किसकी रचना है ?

(1) विश्वनाथ (2) जगन्नाथ (3) दण्डी (4) उद्भट

32. रसवादी आचार्य किस शब्द शक्ति को प्रमुख मानते हैं ?

(1) अभिधा (2) व्यंजना (3) लक्षणा (4) तात्पर्य वृत्ति

**33.** भरतमुनि के अनुसार शृंगार रस का वर्ण क्या है ?

(1) श्वेत (2) श्याम (3) नील (4) पीत

**34.** 'रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम्' -- किस आचार्य का काव्य-लक्षण है ?

(1) भरत (2) भामह (3) विश्वनाथ (4) जगन्नाथ

**35.** आचार्य रामचन्द्र शुक्ल किस काव्य सम्प्रदाय के समर्थक हैं ?

(1) अलंकार (2) ध्वनि (3) रस (4) वक्रोक्ति

**36.** आचार्य भिखारीदास की रचना कौन-सी है ?

(1) रसपीयूष निधि (2) काव्यनिर्णय

(3) कविकुलकल्पतरु (4) रस मीमांसा

**37.** 'जूही की कली' में कौन-सा रस है ?

(1) शृंगार रस (2) रौद्र रस

(3) शान्त रस (4) शृंगार रसाभास

**38.** किस अलंकार में वर्णवक्रता होती है ?

(1) श्लेष (2) अनुप्रास (3) यमक (4) उत्प्रेक्षा

**39.** केवल प्रतिभा को काव्य हेतु मानने वाले आचार्य कौन हैं ?

(1) भामह (2) महिमभट्ट

(3) पंडितराज जगन्नाथ (4) राजशेखर

**40.** 'आलोचक की आस्था' किसकी कृति है ?

(1) आचार्य शुक्ल (2) डॉ० नगेन्द्र

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी (4) मुक्तिबोध

**41.** स्वच्छन्दतावादी समीक्षक कौन है ?

(1) नन्ददुलारे बाजपेयी (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) शान्तिप्रिय द्विवेदी (4) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

**42.** 'वक्रोक्ति सिद्धान्त' के उद्घोषक है ?

(1) कुन्तक (2) दण्डी (3) आनन्दवर्द्धन (4) मम्मट

**43.** 'काव्य आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति है' – काव्य के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण धारणा व्यक्त करने वाले कवि हैं :

(1) प्रसाद (2) पन्त (3) निराला (4) महादेवी

**44.** निम्नलिखित में से एक काव्य हेतु ***नहीं*** है :

(1) प्रतिभा (2) व्युत्पत्ति (3) अभ्यास (4) श्रवण

**45.** उपमेय और उपमान में अभेद आरोप होने पर कौन अलंकार होता है ?

(1) उपमा (2) रूपक (3) यमक (4) व्यतिरेक

**46.** निम्नलिखित में कौन वर्णिक वृत्त है ?

(1) बरवै (2) हरिगीतिका (3) रोला (4) वंशस्थ

**47.** 'घुटुरुन चलत रेनु तन मंडित मुख दधि लेप किए' इस उद्धरण में कौन अलंकार है ?

(1) अतिशयोक्ति (2) स्वभावोक्ति (3) अन्योक्ति (4) विशेषोक्ति

**48.** कुण्डलिया छन्द किन दो छन्दों के योग से बना है ?

(1) दोहा-रोला (2) दोहा-उल्लाला (3) दोहा-गीतिका (4) दोहा-सोरठा

**49.** जिस भाषा का अन्य भाषा में अनुवाद होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(1) लक्ष्य भाषा (2) स्रोत भाषा (3) उपभाषा (4) विभाषा

**50.** संचारी भावों की संख्या क्या है ?

(1) 33 (2) 28 (3) 30 (4) 34

**51.** निम्नलिखित में एक काव्य प्रयोजन ***नहीं*** है :

(1) यश (2) व्यवहार ज्ञान (3) प्रतिभा (4) शिवेतरक्षय

**52.** 'मोहि मोहि मेरौ मन मनमोहनमय है रह्यो' – में कौन-सा अलंकार है ?

(1) अनुप्रास (2) यमक (3) श्लेष (4) रूपक

**53.** 'हिय आँखिन नेह की पीर तकी' – यह उक्ति किस कवि की प्रशस्ति में कही गई है ?

(1) ठाकुर (2) पद्माकर (3) घनानन्द (4) जायसी

**54.** रीति को काव्य की आत्मा कहने वाले आचार्य हैं :

(1) भामह (2) वामन (3) कुन्तक (4) मम्मट

**55.** 'कारण कहीं और कार्य अन्यत्र' वर्णन होने से कौन-सा अलंकार होता है ?

(1) विभावना (2) विशेषोक्ति (3) व्यतिरेक (4) असंगति

**56.** *'मैं जो कहा रघुबीर कृपाला। बधु न होई मोर यह काला।।'* में कौन-सा छन्द है ?

(1) चौपाई (2) सोरठा (3) कवित्त (4) छप्पय

**57.** निम्नलिखित हिन्दी सेवी संस्थाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

| | |
|---|---|
| नागरी प्रचारिणी सभा<br>1 | हिन्दी साहित्य सम्मेलन<br>2 |
| राष्ट्र भाषा प्रचार समिति<br>3 | दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा<br>4 |

(1) 1, 2, 3, 4 (2) 1, 2, 4, 3

(3) 2, 1, 3, 4 (4) 3, 4, 2, 1



P.T.O.

**58.** *'मन पछितैहैं अवसर बीते।*

*दुर्लभ देह पाइ हरि पद भजु, करम बचन अरु हिय ते।'* – में कौन-सा रस है ?

(1) अद्भुत (2) शान्त (3) करुण (4) शृंगार

**59.** 'हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के जो अनुष्ठान हुए हैं, उनको मैं संस्कृति का राजसूय यज्ञ समझता हूँ' – यह उक्ति निम्नांकित में किसकी है ?

(1) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(2) केशवचन्द्र सेन
(3) आचार्य क्षितिमोहन सेन
(4) सुनीति कुमार चटर्जी

**60.** निम्न में कौन-सा सात्विक भाव ***नहीं*** है ?

(1) कम्प (2) अश्रु (3) रोमांच (4) विषाद

**61.** काल विभाजन का सर्वप्रमुख आधार क्या है ?

(1) प्राप्त ग्रंथ संख्या
(2) कवि संख्या
(3) प्रवृत्ति विशेष का मूल प्रेरणा स्रोत
(4) कवियों का जीवनवृत्त

**62.** निम्नांकित में कौन इतिहास लेखक ***नहीं*** है ?

(1) डॉ० रमाशंकर शुक्ल 'रसाल'
(2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(3) जगन्नाथ दास रत्नाकर
(4) डॉ० बच्चन सिंह

**63.** 'आदिकाल' का 'आधार काल' नामकरण किसने किया ?

(1) पं० हजारी प्रसाद द्विवेदी
(2) डॉ० मोहन अवस्थी
(3) सुमन राजे
(4) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**64.** तुलसी के रामचरितमानस के किस काण्ड में 'धर्मरथ' का वर्णन है ?

(1) बालकाण्ड
(2) अयोध्याकाण्ड
(3) लंकाकाण्ड
(4) उत्तरकाण्ड

**65.** 'गाथा सप्तशती' किसकी रचना है ?

(1) हेमचन्द्र सूरि (2) कर्ण कवि (3) हाल कवि (4) जोइंदु

**66.** अमीर खुसरो किस सूफ़ी सन्त के शिष्य थे ?

(1) मोइनुद्दीन चिश्ती (2) बाबा फरीद

(3) शेख सलीम चिश्ती (4) निजामुद्दीन औलिया

**67.** *'खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि*

*बनिक को बनिज न चाकर को चाकरी।'* – में तुलसी ने अपने समय की किस स्थिति का वर्णन किया है ?

(1) राजनीतिक (2) सामाजिक (3) धार्मिक (4) सांस्कृतिक

**68.** *'अकथ कहानी प्रेम की कछू कही न जाइ।*

*गूँगे केरी सरकरा, खाए अरु मुसकाइ।।'* – किसकी उक्ति है ?

(1) कबीर (2) जायसी (3) मीराबाई (4) सूरदास

**69.** पुष्टिमार्गी साधना किस सम्प्रदाय की मान्य भक्ति पद्धति है ?

(1) वल्लभ (2) निम्बार्क (3) चैतन्य (4) सहजिया

**70.** 'गुरुग्रंथसाहब' के संकलनकर्ता कौन थे ?

(1) गुरुनानक (2) गुरु गोविन्दसिंह

(3) गुरु रामदास (4) गुरु अर्जुनदेव

**71.** निम्न में कौन-सा कवि रामभक्ति शाखा से सम्बन्धित ***नहीं*** है ?

(1) तुलसीदास (2) सेनापति (3) पद्माकर (4) कृपाराय

**72.** 'सूर के प्रेम की उत्पत्ति में रूपलिप्सा और साहचर्य–दोनों का योग है' – कथन किसका है ?

(1) आचार्य शुक्ल (2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) नन्ददुलारे बाजपेयी (4) नलिन विलोचन शर्मा

**73.** रीतिकाल को 'कलाकाल' कहने वाले इतिहासकार हैं :

(1) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (2) मिश्रबंधु

(3) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' (4) श्यामसुन्दर दास

**74.** *'भाषा भनिति भूति भलि सोई। सुरसरि सम सब कहँ हित होई।।'* – पंक्तियों में अभिव्यक्त है :

(1) लोकमंगल (2) मर्यादा

(3) राम की सर्वव्यापकता (4) समन्वय भावना

**75.** *'बिना विचारे जो करै, सो पाछै पछिताय।*
*काम बिगारै आपना, जग में होय हँसाय।।'* – उक्ति किस अवधी नीतिकाव्यकार की है ?

(1) बाबा दीनदयाल गिरि (2) बैताल

(3) गिरिधर कविराय (4) रहीम

**76.** 'मसलानामा' के रचयिता कौन हैं ?

(1) जायसी (2) कुतुबन (3) मंझन (4) नूरमुहम्मद

**77.** 'रतन हजारा' के रचयिता हैं :

(1) कृष्ण कवि (2) नेवाज (3) रसनिधि (4) चिन्तामणि

**78.** निम्न में एक कवि रीतिमुक्त काव्यधारा का ***नहीं*** है :

(1) बोधा (2) आलम (3) ठाकुर (4) रसनिधि

**79.** *'बिनु निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल'* – पंक्ति में कवि की पीड़ा किसके प्रति है ?

(1) भाषा के विकास के प्रति (2) स्वदेशी वस्तु

(3) अशिक्षा (4) बेकारी

**80.** भारत भूषण अग्रवाल किस सप्तक के कवि हैं ?

(1) तारसप्तक (2) प्रथम सप्तक (3) दूसरा सप्तक (4) तीसरा सप्तक

**81.** निम्न में एक जनवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्ति ***नहीं*** है :

(1) आम आदमी का चित्रण

(2) व्यवस्था के दमन और तानाशाही का चित्रण

(3) अंधविश्वासों का नकार

(4) बिम्बात्मकता और सांकेतिकता

**82.** निम्न में से किसी एक का उपनाम 'नियाज' था ?

(1) सदासुख लाल (2) मुंशी इंशाल्लाह खाँ

(3) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द (4) सदल मिश्र

**83.** 'नई कहानी ने नई कविता की तरह स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् मानवीय यथार्थ को अनुभव के स्तर पर अभिव्यक्त किया।' – यह कथन किसका है ?

(1) डॉ० रमेश पण्ड्या (2) डॉ० रामदरश मिश्र

(3) डॉ० माहेश्वर (4) डॉ० नामवर सिंह

**84.** निम्न में एक की गणना मनोविश्लेषणवादी लेखकों में ***नहीं*** होती :

(1) अज्ञेय (2) जैनेन्द्र (3) धर्मवीर भारती (4) इलाचन्द्र जोशी

**85.** निम्न में एक नई कहानी के प्रमुख हस्ताक्षरों में ***नहीं*** हैं :

(1) निर्मल वर्मा (2) मोहन राकेश (3) कमलेश्वर (4) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

**86.** नवगीत विधा को सशक्त आन्दोलन के रूप में विकसित और स्थापित करने वाले प्रमुख नामों में एक ***नहीं*** हैं :

(1) शम्भूनाथ सिंह (2) सोम ठाकुर

(3) गोपालदास 'नीरज' (4) केदारनाथ अग्रवाल

**87.** 'अर्द्धनारीश्वर' किसका निबन्धसंग्रह है ?

(1) रामधारी सिंह 'दिनकर' (2) विष्णु प्रभाकर

(3) प्रभाकर माचवे (4) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

**88.** 'छितवन की छाँह' किसका ललित निबन्ध है ?

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी  (2) विद्यानिवास मिश्र

(3) कुबेरनाथ राय  (4) विवेकी राय

**89.** निम्न में एक युग्म सुमेलित ***नहीं*** है :

(1) वे दिन – निर्मल वर्मा  (2) डाक बंगला – कमलेश्वर

(3) न आने वाला कल – मोहन राकेश  (4) यह पथ बंधु था – गंगा प्रसाद विमल

**90.** *अंग्रेज राज सुख साज सजे सब भारी।*

*पै धन विदेश चलि जात इहै अति ख्वारी।।'* – किस नाटक की पंक्ति है ?

(1) भारत दुर्दशा  (2) भारत सौभाग्य

(3) वैदिकी हिंसा-हिंसा न भवति  (4) अंधेर नगरी

**91.** पारसी रंगमंच से कौन-सा लेखक सम्बद्ध ***नहीं*** था ?

(1) नारायण प्रसाद 'बेताब'  (2) आगा हश्र कश्मीरी

(3) माधव शुक्ल  (4) राधेश्याम कथावाचक

**92.** कामायनी के निम्न सर्गों का सही क्रम लिखिए :

| लज्जा | इडा | श्रद्धा | आनन्द |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

(1) 2, 1, 3, 4  (2) 3, 1, 2, 4

(3) 4, 1, 2, 3  (4) 1, 3, 2, 4

**93.** निम्न में कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?

(1) आषाढ़ का एक दिन – मोहन राकेश

(2) आठवाँ सर्ग – सुरेन्द्र वर्मा

(3) योर फ़ेथफ़ुली – लक्ष्मीनारायण लाल

(4) पहला राजा – जगदीश चन्द्र माथुर

**94.** दरिद्र जीवन पर अमृतलाल नागर का कौन-सा उपन्यास है ?

(1) बूँद और समुद्र
(2) अमृत और विष
(3) करवट
(4) नाच्यौ बहुत गुपाल

**95.** 'छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है' – किस आलोचक ने कहा ?

(1) डॉ० नगेन्द्र
(2) डॉ० नामवर सिंह
(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(4) नंददुलारे बाजपेयी

**96.** निम्न में कौन-सा युग्म सुमेलित ***नहीं*** है ?

(1) गीत फरोश – भवानी प्रसाद मिश्र
(2) पटकथा – धूमिल
(3) एक पीली शाम – शमशेर बहादुर सिंह
(4) कुवानो नदी – रघुवीर सहाय

**97.** निम्न में एक विष्णु प्रभाकर का यात्रा वृत्तान्त है :

(1) कौन जीता कौन हारा
(2) हँसते निर्झर दहकती भट्ठी
(3) कलाकार का सत्य
(4) जनसमाज और संस्कृति

**98.** 'अपनी धरती अपने लोग' – किसकी आत्मकथा है ?

(1) रामविलास शर्मा
(2) विष्णु प्रभाकर
(3) रांगेय राघव
(4) रामदरश मिश्र

**99.** 'रंग दे बसन्ती चोला' -- भीष्म साहनी रचित किस विधा का ग्रंथ है ?

(1) कविता (2) कहानी (3) आत्मकथा (4) नाटक

**100.** 'यह घर मेरा नहीं' -- यह किसका संस्मरण है ?

(1) श्रीलाल शुक्ल (2) खुशवन्त सिंह (3) कमलेश्वर (4) निर्मल वर्मा

**101.** निम्नलिखित में एक कहानी संग्रह 'चित्रा मुद्गल' का है :

(1) पिया पीर न जानी (2) जिनावर

(3) चिन्हार (4) इब्ने मरियम

**102.** 'दुष्यन्त कुमार रचनावली' के सम्पादक हैं :

(1) भारत यायावर (2) मनोहर लाल

(3) विजय बहादुर सिंह (4) नरेन्द्र मोहन

**103.** निम्न में एक काव्य संग्रह त्रिलोचन शास्त्री का है :

(1) जीने की कला (2) छबियाँ ही छबियाँ

(3) नीरज के प्रेमगीत (4) राही को समझाए कौन

**104.** 'देहरि भई बिदेश' सम्पादित पुस्तक क्या है ?

(1) एक लेखिका की आत्मकथा (2) मैत्रेयी पुष्पा की आत्मकथा

(3) नासिरा शर्मा की आत्मकथा (4) लेखिकाओं के आत्मकथांश

**105.** निम्न में एक उपन्यास मनोहर श्याम जोशी का ***नहीं*** है :

(1) समय साक्षी है (2) हमजाद

(3) टा टा प्रोफेसर (4) हरिया हरक्यूलीज की हैरानी

**106.** 'अष्टयाम' किसकी रचना है ?

(1) नाभादास (2) लालदास (3) मधुसूदन दास (4) सरयूराम पंडित

**107.** 'अमोला' के रचनाकार हैं :

(1) नागार्जुन (2) त्रिलोचन (3) चतुर्भुज शर्मा (4) विश्वनाथ पाठक

**108.** *तलफै बिन बालम मोर जिया*

*दिन नहीं चैन रात नहीं निंदिया, तलफ-तलफ कै भोर किया।'* – किसकी पंक्तियाँ हैं :

(1) मीरा (2) सहजोबाई (3) रैदास (4) कबीर

**109.** निम्न अष्टछापी कवियों में एक बल्लभाचार्य का शिष्य है :

(1) नन्ददास (2) कृष्णदास (3) चतुर्भुजदास (4) गोविन्द स्वामी

**110.** त्रिलोचन शास्त्री का वास्तविक नाम क्या है ?

(1) वासुदेव सिंह (2) बैजनाथ सिंह (3) इन्द्रदेव मिश्र (4) चन्द्रोदय तिवारी

**111.** *'शक्तिशाली हो विजयी बनो, विश्व में गूँज रहा जयगान'* – पंक्तियाँ किस कृति की है ?

(1) आँसू (2) झरना (3) कामायनी (4) लहर

**112.** निम्न में एक कृति पंत की ***नहीं*** है :

(1) भावी पत्नी के प्रति (2) संध्या तारा

(3) रश्मिरथी (4) नौका विहार

**113.** *'यह मंदिर का दीप इसे नीरव जलने दो'* – पंक्ति किसकी है ?

(1) सुभद्रा कुमारी चौहान (2) महादेवी

(3) मीराबाई (4) विद्यावती 'कोकिल'

**114.** 'देवीदीन' किस उपन्यास का चरित्र है ?

(1) गबन (2) दिव्या (3) मैला आंचल (4) कर्मभूमि

**115.** निम्न में एक नाटक ऐतिहासिक ***नहीं*** है :

(1) चन्द्रगुप्त (2) स्कंदगुप्त (3) ध्रुवस्वामिनी (4) करुणालय

**116.** निम्न में एक उपन्यास भगवतीचरण वर्मा का है

(1) चित्रलेखा (2) दीर्घतपा

(3) तेरी मेरी उसकी बात (4) बूँद और समुद्र

**117.** 'अकहानी' आन्दोलन के प्रवर्तक थे :

(1) महीप सिंह (2) जगदीश चतुर्वेदी

(3) कमलेश्वर (4) अमृत राय

**118.** 'मतिराम' के आश्रयदाता थे :

(1) बूंदी नरेश भाव सिंह (2) शिवाजी

(3) राजा जयसिंह (4) मुहम्मद शाह रंगीले

**119.** 'सुमन राजे' किस सप्तक की कवयित्री हैं ?

(1) तारसप्तक (2) दूसरा सप्तक (3) तीसरा सप्तक (4) चौथा सप्तक

**120.** 'कविता करके तुलसी न लसे, कविता लसी पा तुलसी की कला' – प्रशंसित पंक्ति के लेखक कौन हैं ?

(1) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (2) गया प्रसाद शुक्ल 'सनेही'

(3) जगदम्बा प्रसाद 'हितैषी' (4) शम्भूनाथ सिंह

**121.** दूरदर्शन का सिद्धान्त वाक्य है :

(1) शिवं सत्यं सुन्दरम् (2) कल्याण करोति

(3) सत्यं शिवम् सुन्दरम् (4) बहुजन हिताय

**122.** 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' सर्व प्रथम कब मनाया गया था ?

(1) 30 जून 1947 को (2) 15 अगस्त 1847 को

(3) 25 मई 1874 को (4) 30 मई 1826 को

**123.** 'विशाल भारत' से सम्बन्धित है :

(1) घासलेटी आन्दोलन (2) अभिव्यंजनावाद

(3) वक्रोक्तिवाद (4) वाद-विवाद

**124.** 'भारत मित्र' के सम्पादक थे :

(1) दुर्गा प्रसाद मिश्र (2) अम्बिका प्रसाद वाजपेयी

(3) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (4) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

**125.** 'उदन्त मार्तण्ड' किस प्रकार का पत्र था ?

(1) दैनिक (2) साप्ताहिक (3) त्रैमासिक (4) मासिक

**126.** बनारसीदास चतुर्वेदी किस पत्र के सम्पादक थे ?

(1) विशाल भारत (2) सरस्वती (3) गंगा (4) वीणा

**127.** 'माधुरी' पत्रिका के सम्पादकों में निम्न में से एक ***नहीं*** थे :

(1) दुलारे लाल भार्गव (2) रूप नारायण पाण्डेय

(3) कृष्ण बिहारी मिश्र (4) अम्बिका प्रसाद गुप्त

**128.** गणेश शंकर विद्यार्थी निम्न में किसके सम्पादक थे ?

(1) मर्यादा (2) प्रभा (3) प्रताप (4) इन्दु

**129.** 'मतवाला' मंडल में थे :

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी, निराला, शिवपूजन सहाय

(2) शिवपूजन सहाय, निराला, चौधरी बदरीनारायण 'प्रेमघन'

(3) मुंशी नवजादिक श्रीवास्तव, निराला, शिवपूजन 'सहाय'

(4) शिवपूजन सहाय, अम्बिका प्रसाद वाजपेयी, दुर्गाप्रसाद मिश्र

**130.** सुमित्रानंदन पंत का सम्बन्ध किस पत्रिका से है और वह किस वाद का प्रतिनिधित्व करती है ?

(1) इन्दु - छायावाद
(2) सुधा - प्रगतिवाद
(3) मतवाला - प्रयोगवाद
(4) रूपाभ - प्रगतिवाद

**131.** 'बंगाल गजट' के सम्पादक कौन थे ?

(1) जे० ए० हिक्की
(2) मार्शमेन
(3) मोतीलाल घोष
(4) राजा राममोहन राय

**132.** 'अज्ञेय' ने किस पत्रिका का सम्पादन किया ?

(1) ज्ञान प्रदायिनी पत्रिका
(2) हिन्दी प्रदीप
(3) प्रतीक
(4) पियूष प्रवाह

**133.** 'यंग इण्डिया' के सम्पादक कौन थे ?

(1) महात्मा गाँधी
(2) मोतीलाल नेहरू
(3) के० एम० पन्निकर
(4) मार्शमेन

**134.** सामुदायिक रेडियो की विशेषता है :

(1) जागरूकता
(2) विकास
(3) ग्रामीण क्षेत्र का विकास
(4) स्थानीय लोगों की सहभागिता

**135.** इंटरनेट रेडियो कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कब शुरू हुआ ?

(1) 22 नवम्बर, 1993 को
(2) 13 दिसम्बर, 1995 को
(3) 03 दिसम्बर, 1994 को
(4) जनवरी, 1996 को

**136.** प्रथम महिला पत्रिका का नाम है :

(1) वामा
(2) सारिका
(3) बालाबोधिनी
(4) सुगृहिणी

**137.** विकास पत्रकारिता का उद्देश्य है :

(1) समाचार प्रकाशित करना

(2) विकास की दिशा में शोध करना

(3) विकास को देश के परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना

(4) सूचना एवं विकास की व्याख्या करना

**138.** संसदीय पत्रकार के लिए सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण समय होता है :

(1) बहस के समय (2) प्रश्नोत्तर के समय

(3) शून्यकाल (4) प्रश्नकाल

**139.** 'विज्ञान पत्रकारिता' के आवश्यक गुण हैं :

(1) लेखन स्पष्टता (2) तथ्यों को सिलसिलेवार देना

(3) आसानी से समझ में आने वाला (4) रेखाचित्र शैली में प्रस्तुत करना

**140.** महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन किस सन् में ग्रहण किया था ?

(1) 1907 ई० (2) 1904 ई० (3) 1901 ई० (4) 1903 ई०

**141.** निम्न में किस शब्द की वर्तनी ***अशुद्ध*** है ?

(1) अनाधिकार (2) अभ्यन्तर (3) पराक्रम (4) व्युत्पन्न

**142.** निम्न में एक शब्द शुद्ध ***नहीं*** है :

(1) मनोहर (2) मनोकामना (3) मनोयोग (4) मनोरथ

**143.** निम्न वाक्यों में एक ***शुद्ध*** है :

(1) रमा हँसती हँसती लोट-पोट हो गई।

(2) जहाँ तुम्हारा पसीना बहेगा, उस जगह मैं अपना खून बहा दूँगा।

(3) आप अवश्य आएँ।

(4) मैं आपका व्याख्यान ध्यानपूर्वक सुन रहा था।

**144.** निम्न में कौन-सा शब्द ***एकार्थक*** है ?

(1) अहंकार (2) अक्षर (3) कनक (4) अम्बर

**145.** निम्न में एक पृथ्वी का पर्यायवाची ***नहीं*** है :

(1) धरा (2) वसुन्धरा (3) धरणी (4) भूधर

**146.** निम्नांकित शब्दों में एक 'अतिवृष्टि' का ***विलोम*** है :

(1) अधिवृष्टि (2) अनावृष्टि (3) न्यूनवृष्टि (4) अपवृष्टि

**147.** 'पीताम्बर' में कौन-सा समास है ?

(1) बहुव्रीहि (2) कर्मधारय (3) द्वन्द्व (4) द्विगु

**148.** 'अधिपति' में कौन-सा उपसर्ग प्रयुक्त है ?

(1) तद्भव (2) तत्सम (3) अर्द्ध तत्सम (4) विदेशी

**149.** 'महैश्वर्य' में सन्धि है :

(1) यण (2) अयादि (3) वृद्धि (4) गुण

**150.** 'एकोनविंशति' का संधि-विच्छेद है :

(1) एक + ऊनविंशति (2) एको + उनविंशति (3) एक + ओनविंशति (4) एको + नविंशति

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल ***नीली/काली बाल-प्वाइंट पेन*** से ही लिखें)

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। ***इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना ***अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से*** निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्न-पुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्न-पुस्तिका पर अनुक्रमांक संख्या और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।
7. उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।
8. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। ***प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिये आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है।*** यदि आप किसी प्रश्न का ***उत्तर नहीं देना चाहते हैं,*** तो सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।
11. रफ कार्य के लिये इस पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा अंतिम खाली पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त ***केवल ओ० एम० आर० उत्तर-पत्र*** ही परीक्षा भवन में जमा करें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की भागी होगा/होगी।